## मई 2025 से शुरू होकर 2028 तक निर्माण पूरा होने की संभावना

# वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगी पटना-आरा-सासाराम फोरलेन

**संवाददाता, पटना**

राज्य में पटना-आरा-सासाराम फोरलेन ग्रीनफील्ड एनएच-119ए का विस्तार वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे तक किया जायेगा. इसके लिए राज्य सरकार के आग्रह पर एनएचएआइ डीपीआर बनवाने की तैयारी कर रहा है. इस ग्रीन फील्ड सड़क निर्माण का टेंडर जारी हो गया है और निर्माण एजेंसी चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. इस सड़क के लिए चयनित एजेंसी को ढाई साल में निर्माण पूरा करना होगा और 15 साल तक इसकी देखभाल करनी होगी. इस सड़क को हाल ही में केंद्र सरकार की तरफ से आर्थिक कार्य विभाग (डीइए) की मंजूरी मिली है. ऐसे में इस सड़क का निर्माण इस साल मई तक शुरू होकर वर्ष 2028 तक पूरा होने की संभावना है.

इसके बनने से तीन जिले पटना, भोजपुर और रोहतास के लोग सीधे लाभान्वित होंगे. सड़क बनने के बाद पटना से लखनऊ और वहां से दिल्ली की तरफ जाने और वहां से लौटने वालों के लिए सुविधा बढ़ेगी. इस परियोजना में आरा शहर के लिए एक रिंग रोड का एक हिस्सा भी बनेगा. इससे आरा का ट्रैफिक भी बेहतर होगा.

### यह होगा फायदा

1. पटना, भोजपुर और रोहतास जिले के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी.
2. पटना से लखनऊ और वहां से दिल्ली की तरफ जाने और वहां से लौटने वालों के लिए सुविधा बढ़ जायेगी.



## सोन पर बिंदौल व कोशीहान के बीच बनेगा पुल

साथ ही, सोन नदी पर बिंदौल और कोशीहान के बीच एक नया पुल बनेगा. यह पुल कोइलवर पुल से लगभग 10 किमी दूर होगा. यह फोरलेन एक्सप्रेसवे करीब 120 किमी लंबाई में दो पैकेज में करीब 3897 करोड़ में बनाया जायेगा. पहले पैकेज का निर्माण पटना से आरा तक करीब 46 किमी लंबाई में करीब 1796 करोड़ रुपये की लागत से होगा. साथ ही दूसरे पैकेज का निर्माण आरा से सासाराम तक करीब 74 किमी लंबाई में करीब 2101 करोड़ रुपये की लागत से होगा.

### यह होगा अलाइनमेंट

यह एक्सप्रेस-वे पटना से चलकर गोनवां, पड़री, रामतारी, कायमनगर, बामपाली, असनी, गड़हनी, उदवंतनगर, तरारी होकर रोहतास जिले के गंगौली, अकोढ़ी गोला और सुअरा होते हुए सासाराम पहुंचेगी. इसके बनने से पटना से उत्तर प्रदेश जाने वालों को सहूलियत होगी.

### सोन नदी पर बनेगा सातवां पुल



आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बिंदौल और कोशीहान के बीच बनने वाला पुल राज्य में सोन नदी पर सातवां पुल होगा. फिलहाल पांच पुलों से होकर आवागमन हो रहा है और एक पुल निर्माणाधीन है. इनमें से इस समय सोन नदी पर कोइलवर में दो पुल हैं. इसके साथ ही सोन नदी पर अरवल-सहार में एक पुल से आवागमन हो रहा है. इसके अलावा दाउदनगर-नासरीगंज और जीटी रोड पर सोन नदी पर बने पुल से होकर आवागमन हो रहा है. छठे पुल के तौर पर सोन नदी पर पंडुका घाट पुल का निर्माण हो रहा है. यह डेहरी ऑन सोन से अकबरपुर-यदुनाथपुर सड़क के माध्यम से संपर्कता प्रदान करेगा. सोन नदी पर सातवां पुल बिंदौल और कोशीहान के बीच बनने वाला पुल होगा.